an>

Title: Need to take suitable measures against documentaries hurting religious sentiments.-laid

श्री राहुल रमेश शेवाले (मुम्बई दक्षिण-मध्य): देश में बढ़ते धार्मिक सांप्रदायिक तनाव के बीच, भारत के एक वृत्तचित्र फिल्म निर्माता के द्वारा साझा किए गए एक फिल्म पोस्टर ने एक और विवाद खड़ा कर दिया है। निर्माता ने अपनी फिल्म का एक पोस्टर साझा किया जिसमें देवी काली के वेश में एक महिला को सिगरेट पीते हुए दिखाया गया है। कई इंटरनेट उपयोगकर्ताओं ने पोस्टर को हिंदू धर्म का अपमान माना और फिल्म निर्माता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का आह्वान किया, जबकि अन्य ने हर समुदाय की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने के लिए कहा। कई राजनीतिक नेताओं ने भी आपत्ति जताई है और फिल्म निर्माता के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिल्म निर्माता के अनुसार उसने एक कवि और फिल्म निर्माता के रूप में, अपनी स्वतंत्र दृष्टि में काली को शामिल किया है। हमें स्वतंत्रता की ऐसी अभिव्यक्ति में किसी भी धर्म को अपमानित करने के प्रयास की घोर निन्दा करनी चाहिए। सभी धर्मों का आदर करना हर भारतीय का कर्त्तव्य है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि ऐसे किसी भी प्रयास की घोर निन्दा कर सरकार को त्वरित तथा कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।